हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

04 खुले केन्द्रों से धान परिवहन की रफ्तार धीमी सीमित...



08 एसआईआर कार्यों में समय-सीमा का कड़ाई से ...






## खबर संक्षेप

### दिव्यता वर्मा ने उत्तीर्ण की क्लेट की परीक्षा



**सोहागपुर।** सोहागपुर क्षेत्र की प्रतिभाओं ने सदैव विद्यार्थी जीवन में नव तथा अनुकरणीय आयाम स्थापित किये हैं। अब नगर की एक बिटिया दिव्यता नितिन वर्मा ने क्लेट परीक्षा क्लियर कर सोहागपुर का नाम उन्नत शैक्षणिक व्यवस्था वाले क्षेत्र के रूप में स्थापित किया है। नगर के वर्मा परिवार से पवन वर्मा की भतीजी और अधिवक्ता नितिन वर्मा की पुत्री दिव्यता वर्मा ने क्लैट परीक्षा में मप्र में 12 वां व देश में 112 वां स्थान प्राप्त किया है। महिला कैटेगरी में दिव्यता ने देश में 70 वां स्थान प्राप्त कर देश के सर्वोच्च लॉ में अपना स्थान पक्का कर लिया है। क्षेत्र के नागरिकों के अनुसार यह प्रतिभावान बेटी भविष्य में सीआईजे भी हो सकती है। क्षेत्रवासियों ने बिटिया व वर्मा परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### नप फायर ब्रिगेड कर्मियों को दी धमकी

**सोहागपुर।** नगर के गांधी वार्ड में कव्वाली स्थल पर पानी सींचने पहुंचे सोहागपुर नपकर्मियों को जान से मारने की धमकी दी गई है। मामले में नपकर्मियों ने नप सीएमओ को मंगलवार को आवेदन दिया। जिसके बाद सीएमओ ने थाना प्रभारी सोहागपुर को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने उल्लेख किया है कि गांधी वार्ड में कव्वाली आयोजन स्थल पर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड पानी सींचने पहुंची थी। इस दौरान एक किराना दुकान तथा आटा चक्की के सामने पानी बह रहा था। जिस पर अजहर पुत्र हनीफ खान एवं असलम पुत्र हनीफ खान ने नपकर्मियों प्रांजुल दीवान तथा कार्तिक मेहरा से अभद्रता की, उन्हें जान से मारने की धमकी दी तथा फायर ब्रिगेड में आग लगाने की बात कही।

### मुखबिर से मिली सूचना पर अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई की

# देहात पुलिस ने की अवैध देसी, अंग्रेजी शराब सहित स्विफ्ट डिजायर कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कुछ दिनों पूर्व जिले में प्रभारी मंत्री की बैठक के दौरान अवैध शराब का मामला जमकर उठा था। जिसके बाद जिले में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की गई है। इसी कड़ी में देहात पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही की है। कार्यवाही के दौरान देशी-विदेशी सहित स्विफ्ट डिजायर कार जप्त की है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 9 लाख 50 हजार रूपये है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन पर की गई। 16 दिसम्बर को थाना देहात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन से जुड़े दो व्यक्ति नववर्ष को देखते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब बेचने की फ़िराक देहात थाना क्षेत्र में घूम रहे है।

देहात पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही की जिसमें देसी- विदेशी सहित स्विफ्ट डिजायर कार जब्त की है।



#### यह रही टीम

कार्यवाही थाना प्रभारी देहात, निरीक्षक सौरभ पाण्डेय द्वारा हमराह बल टीम गठित की गई। टीम में सउनि सुखनंदन नरें, सउनि प्रवीण शर्मा, सउनि दिनेश मेहरा, प्रआर नवीन दुबे, आर. कपिल विश्वकर्मा, आर. जितेंद्र सिंह राजपूत, आर. सुनील साहू, आर. चेतन नरवरे, आर. भूपेंद्र वर्मा, आर. महेंद्र सिंह धुर्वे महिला आर आदि शामिल रहे।

#### बांद्राभान रोड पर घेराबंदी की

मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए दो संदिग्ध व्यक्ति जो कि सफ़ेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार मे अवैध शराब भरकर बेचने के लिए बांद्राभान रोड तरफ से नर्मदापुरम की ओर आ रहे थे, जिनका पीछा करके गोंदरी घाट बांद्राभान रोड पर घेराबंदी करते हुए पकड़ा एवं पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम नितिन सिसोदिया पिता गोविंद सिसोदिया उम्र 34 साल निवासी समेरिटन्स स्कूल के पास चक्कर रोड, मालाखेड़ी, व साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अभिषेक राजपूत पिता वीरसिंह राजपूत उम्र 31 साल निवासी आईटीआई आदर्श नगर, नर्मदापुरम का निवासी होना बताया एवं गाडी की तलाशी लेने पर सफ़ेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्र. एम पी 05 जेड एच 3304 की डिक्की में शराब रखी हुई पायी गई। जिसमें 5 पेटी देशी मदिरा प्लेन क्वाटर सील बंद, एक सफ़ेद हरे रंग के थैले में 3 बाटल रॉयल स्टेज , 4 बाटल ब्लेंडर्स प्राइड के प्रत्येक 750 एम एल के अंग्रेजी शराब के एवं एक लाल रंग के थैले में 18 क्वाटर रॉयल स्टेज के प्रत्येक 180 एम एल व 8 क्वाटर बैग पाइपर अंग्रेजी शराब के भरे पाये गये। जो 54.930 लीटर है जिसकी कीमत करीबन 31हजार रुपए है। चालक नितिन सिसोदिया से घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार जिसकी कीमत करीबन 9 लाख ,50 हजार रुपए है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# नप द्वारा शहरी क्षेत्र में भूमिहीन पट्टाधारियों के लिए सर्वे पूर्ण

### सर्वे में निवासरत पाए गए 543 परिवार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र शासन के निर्देशानुसार दिसंबर 2020 की स्थिति में शासकीय भूमि पर निवासरत लोगों को पट्टे दिये जाना हैं। जिसका सर्वे नगर परिषद की ओर से पूर्ण हो चुका है। एवं अब जांच दल सर्वे में सूचीबद्ध परिवारों की पात्रता की जांच करेगा। उल्लेखनीय है कि 17 नवंबर 2025 को अपर मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग संजय दुबे तथा प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग विवेक कुमार पोरवाल द्वारा एक पत्र जारी किया गया था। जिसमें विषय था कि मध्य प्रदेश में नगरीय क्षेत्र के भूमिहीनों को पट्टा अधिकार प्रदान किया जाना है। यह प्रक्रिया मध्य प्रदेश नगरीय क्षेत्र के भूमिहीन पट्टाधारी अधिनियम 1984 के अंतर्गत प्रारंभ की गई थी। जिसमें अधिनियम की धारा 3 तथा 4 के तहत 31 दिसंबर 2020 तक की स्थिति में शासकीय भूमि अथवा नगरीय निकाय की भूमि अथवा नगर विकास प्राधिकरण की भूमि पर निवासरत लोगों को भूमिहीन व्यक्ति मानकर शासकीय भूमि का पट्टा दिया जाना था। सोहागपुर शहरी क्षेत्र में नगर परिषद की ओर से 13 दिसंबर 2025 को उक्त आदेश के परिपालन में सर्वे पूर्ण किया जा चुका है। तथा सर्व दलों ने नगर के 15 वार्डों में शासकीय भूमि पर निवासरत परिवारों की सूची नगर परिषद सीएमओ कार्यालय में दे दी है।

#### पाए गए 543 परिवार

नगर परिषद के सर्वे दलों द्वारा शहरी क्षेत्र के 15 वार्डों में शासकीय भूमि पर निवासरत परिवारों का सर्वे किया गया था। तथा इसमें 543 परिवार शासकीय भूमि पर निवासरत पाए गए हैं। 15 दिसंबर 2025 को सोहागपुर शहरी क्षेत्र में शासकीय भूमि पर निवासरत लोगों की वार्डवार सूची बनाई गई है। जिसके अनुसार सुभाष वार्ड में 60, अंबेडकर वार्ड में 62, रघुवंशीपुरा में तीन, जवाहर वार्ड में एक, गांधी वार्ड में 203, किलापुरा वार्ड में 20, राजेंद्र वार्ड में शून्य, मातापुरा वार्ड में 89, रामगंज वार्ड में 7, सरदार वार्ड में 37, शास्त्री वार्ड में 16, तिलक वार्ड में 10, इंदिरा वार्ड में 20, रामप्रसाद वार्ड में 13 तथा गौतम वार्ड में दो परिवार शासकीय भूमि पर निवासरत पाए गए हैं। इस तरह 15 वार्डों में 543 परिवार शासकीय भूमि पर निवासरत पाए गए हैं। मामले में सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी द्वारा दो दिसंबर 2025 को पत्र जारी कर एक जांच दल निर्धारित किया गया है। पत्र में उल्लेख है कि मध्य प्रदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्रालय भोपाल के आदेश अनुसार नगरीय क्षेत्र के भूमिहीन व्यक्तियों को पट्टा अधिकार प्रदान किया जाना है।

# अंतर संभागीय एमएम जगदाले ट्रॉफी में उज्जैन ने नर्मदापुरम को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अंतर संभागीय एम एम जगदाले ट्रॉफी 2025- 26 में तीसरे दौर के मुकाबले में उज्जैन संभाग ने नर्मदापुरम संभाग को पारी एवं 60 रन से शिकस्त देकर 7 अंक अर्जित किए।

प्रतियोगिता में तीसरे दौर के मुकाबले एमपीसीए ग्राउंड पर खेले जा रहे है। नर्मदा पुरम संभाग क्रिकेट संघ सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि नर्मदापुरम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 164 रन बनाकर ऑल आउट हुई थी। जवाब में उज्जैन ने पहली पारी में 366 रन बनाए और 202 रनों की बढ़त लेकर नर्मदापुरम की टीम को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम महज 142 रनों पर आउट हो गई और उज्जैन संभाग ने मैच 60 रन एवं पारी से अपने नाम किया।उज्जैन के गेंदबाज रेहान खान को पहली पारी में 4 विकेट एवं दूसरी पारी में 7 विकेट लेने पर प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच में बेस्ट फील्डर उज्जैन के आकर्ष शर्मा एवं नर्मदापुरम के सूर्यांश चौहान रहे।



### फाइटर क्लब ने की निराकरण की मांग

**सोहागपुर।** फाइटर क्लब सोहागपुर द्वारा नगर में आमजनों को हो रही असुविधा और जनसुरक्षा को लेकर एक ज्ञापन सोहागपुर नप सीएमओ को सौंपा है। जिसमें विभिन्न सामाजिक मुद्दों का उल्लेख है। फाइटर क्लब अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने अतिशीघ्र समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया है। फाइटर क्लब ने शहर में नर्मदा जल वितरण योजना में हो रही परेशानियों को दूर करने की मांग की है। वहीं सिविल कोर्ट चौराहे पर सुलभ शौचालय निर्माण की भी मांग की गई है। अगले बिंदु में उल्लेख है कि गुरुवार हाट बाजार के दिन किलापुरा रिपटे पर वाहनों के अवैध पार्किंग से जाम लगता है तथा दुर्घटनाओं की संभावना रहती है। अतः इस पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन के अंतिम बिंदु में नप सीएमओ से शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा सहित संजय यादव, अनिल पटेल, दीपक रघुवंशी, आशीष सराठे, ऋषि मालवीय, अनुज श्रोती, प्रदीप मीणा, आलोक गुप्ता, देवेंद्र सराठे, आदि मौजूद रहे।

# पेंशनर दिवस पर एसबीआई में किया गया पेंशनर्स का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पेंशनर दिवस बुधवार को समूचे देश में बनाया गया। इस अवसर पर विविध स्थलों पर शासकीय एवं अशासकीय रूप से पेंशनर्स के स्वागत, अभिनंदन व सम्मान के कार्यक्रम किए गए। इसी क्रम में सोहागपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में भी पेंशनर्स के सम्मान का कार्यक्रम किया गया। एसबीआई की ओर से संतोष रघुवंशी ने बताया कि इस अवसर पर बैंक मैनेजर मनोहर लाल ने पेंशनर्स के लिए उपलब्ध एसबीआई की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसके बाद शाल एवं श्रीफल भेंटकर सभी पेंशनर्स का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बैंक मैनेजर मनोहर लाल, संतोष रघुवंशी, अमर सिंह, नवीन, हितेंद्र साहू तथा अन्य बैंक कर्मियों सहित पेंशनर्स उपस्थित थे।

# माखननगर कॉलेज में हुआ रोजगार मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

बुधवार को कलेक्टर ससोनिया मीना के निर्देशन में माखन नगर स्थित माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में बुधवार 17 दिसंबर को आयोजित रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का सफल समापन हुआ।

महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस मेले में मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मनीष चतुर्वेदी एवं समस्त जनप्रतिनिधि द्वारा हितग्राहियों को ऋण प्रमाणपत्र वितरित किए। मेले में नर्मदापुरम के एसडीएम विजेंद्र सिंह रावत ने छात्रछात्राओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तहसीलदार डॉ. सुरेखा यादव ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए रोजगार सृजन की दिशा में मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीता चौबे ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अधिकारी सीएसराजपूत, डॉ. प्रेमा अरविंद (मेडिकल ऑफिसर), कमलेश ठाकुर, देवी सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह राजपूत, नरेश मलिक, उमेश तिवारी (पत्रकार) तथा जिला व्यापार उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक प्रकाश कुमार (इंदौर) सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### कई इलाकों में तापमान लुढ़का

# पचमढ़ी में ओस की बूंदें जमने से मैदानी इलाकों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी इन दिनों उत्तर भारत के हिल स्टेशनों को मात दे रही है। कड़ाके की ठंड और गिरते पारे के बीच यहाँ का नजारा कश्मीर जैसा हो गया है। बुधवार सुबह पचमढ़ी के कई इलाकों में तापमान 2 डिग्री तक लुढ़क गया, जिसके कारण ओस की बूंदें जम गईं और मैदानी इलाकों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई।

पचमढ़ी के वे क्षेत्र जो घने जंगलों से सटे हुए हैं, वहां सुबह का नजारा अद्भुत रहा। बड़े मैदानों और घास पर जमी बर्फ को देखकर ऐसा लग रहा था मानो पूरा इलाका सफेद मखमल से ढक गया हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिसंबर के मध्य में इस तरह की कड़ाके की ठंड ने पिछले कई रिकॉर्ड्स की याद ताजा कर दी है। आलम यह है कि बाहर रखी पानी की बोतलों में भी बर्फ जमने लगी है।



#### पर्यटन पर चढ़ा ठंड का रंग

कड़ाके की ठंड के बावजूद पर्यटकों के उत्साह में कोई कमी नहीं है। दिसंबर का महीना होने के कारण पचमढ़ी में पर्यटन अपने शबाब पर है। सैलानी भारी संख्या में यहाँ पहुँच रहे हैं और इस 'व्हाइट विंटर' का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। होटल और लॉज हाउसफुलः पर्यटकों की भारी आमद से स्थानीय पर्यटन व्यवसाय में भी तेजी आई है। फोटोग्राफी का क्रेजः सुबह-सुबह पर्यटक मैदानों में जमी बर्फ के साथ फोटो खिंचवाते और वीडियो बनाते नजर आ रहे हैं। अलाव का सहाराः ठंड से बचने के लिए लोग जगह-जगह अलाव का सहारा ले रहे हैं।

### सांसद ने की जिले में एक और फोरलेन सड़क की मांग

**नर्मदापुरम।** बुधवार को सांसद दर्शन सिंह चौधरी, ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, यातायात दबाव एवं जन-सुविधा को ध्यान में रखते हुए नर्मदापुरम–नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को सदन में प्रमुखता से उठाया और टिमरनी–नर्मदापुरम–बाबई–सोहागपुर–पिपरिया–गाडरवारा–करेली मार्ग को फोर लेन किए जाने की मांग लोकसभा सदन के समक्ष रखी। लोकसभा सदन में नियम 377 के अंतर्गत सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने देश के प्रत्येक किसान के खेत को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ने के उद्देश्य से "खेत सड़क योजना" प्रारंभ किए जाने का विनम्र आग्रह किया। इस महत्वपूर्ण पहल से किसानों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, कृषि उपज के परिवहन में तेजी आएगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त मजबूती प्राप्त होगी।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, दो युवकों की मौत

**बैतूल।** बैतूल-सारणी स्टेट हाईवे के ग्राम चिखलार के पास मंगलवार देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हुआ। मृतकों की पहचान मुकेश पिता गुलाब वरवड़े (30) और मुकेश पिता पतंग चौकीकर (32) के रूप में हुई है। तीसरा युवक रविकुमार गंभीर रूप से घायल हुआ है और उसे जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस की 112 टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित किया। शवों का पोस्टमॉर्टम बुधवार सुबह जिला अस्पताल में किया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार, मुकेश चौकीकर कैटरिंग का काम करते थे, जबकि मुकेश वरवड़े पेंटिंग का कार्य करते थे। दोनों रात को चिखलार गए थे और लौटते समय हादसा हुआ। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की जांच जारी है।

### फांसी के फंदे पर लटका मिला अधेड़ का शव

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोदारोटी में एक व्यक्ति (48) का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान दीना पिता डोमा धुर्वे (48) निवासी ग्राम कोदारोटी के रूप में हुई है। परिजनों ने मंगलवार शाम दीना को घर में फांसी पर लटका देखा, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा और पंचनामा कार्रवाई पूरी की। परिजनों के मुताबिक जिस समय फांसी लगाई, घर के लोग खेत पर गए हुए थे। लौटने पर उसे घर के पिछले हिस्से में फांसी पर लटके देखा।इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

### जल संचय अभियान के अंतर्गत आठनेर में बोरी बंधान कार्य संपन्न

**बैतूल।** जल संचय अभियान के अंतर्गत आठनेर विकासखण्ड में कावला सेक्टर की ग्राम पंचायत गारगुड के डंगरापाटा में खेत की नदी पर 80 बोरियों का बोरी बंधान किया गया। यह कार्य प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था, मेंटर एवं सीएमसीएलडीपी कार्यक्रम के छात्रों के संयुक्त सहयोग से सम्पन्न हुआ। बोरी बंधान कार्य में विकासखण्ड समन्वयक मधु चौहान, प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि सहित समिति सदस्य एवं सेक्टर के सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। बोरी बंधान कार्य के पश्चात विकासखण्ड समन्वयक द्वारा उपस्थित छात्रों और समिति सदस्यों के साथ चौपाल आयोजित कर वर्षा जल संरक्षण एवं ग्राम स्तर पर अधिक से अधिक बोरी बंधान निर्माण विषय पर चर्चा की गई।

### मिल मालिकों और शासन के बीच अनुबंध नहीं

# खुले केन्द्रों से धान परिवहन की रफ्तार धीमी सीमित क्षमता के कारण बढ़ रही अव्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**कंपनियों से एफआरके खरीदने की बाध्यता**



जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य जारी है। लेकिन मिल मालिकों और शासन के बीच धान प्रोसेसिंग के लिए अभी तक अनुबंध नहीं हो सका है। नतीजा यह कि खरीदी तो शुरू हो गई, लेकिन धान का उठाव नहीं हो रहा है। हालांकि वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में खुले धान खरीदी केन्द्रों से गोदामों तक परिवहन शुरू कर दिया है, लेकिन परिवहन की रफ्तार धीमी होने की वजह से शुरुआती चरण में ही भंडारण का संकट होने लगा है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2023-24 में मिलरों राशि दी जाती थी, लेकिन इस बार नीति में इसका कोई उल्लेख नहीं है। इसके अलावा सरकार द्वारा शर्त रखी गई है कि 60 प्रतिशत धान एफसीआई में जमा करनी होगी और केवल 40 प्रतिशत हिस्सा मिलरों को मिलेगा। यदि 60 प्रतिशत से कम धान एफसीआई को जाती है तो कटौती सीधे मिलर की अमानत राशि से की जाएगी। यही नियम मिल मालिकों की नाराजगी का मूल कारण बना हुआ है। नई नीति को लेकर मिल मालिकों ने नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है और कहा कि इन शर्तों के साथ वे अनुबंध नहीं कर सकते। नतीजा यह हैं कि मिल मालिकों और शासन के बीच धान प्रोसेसिंग के लिए अभी तक अनुबंध नहीं हो पाया है। अनुबंध नहीं होने से धान का परिवहन नहीं हो पा रहा है। ज्यादा दिक्कते उन केन्द्रों पर हो रही है, जहां पर धान की खुले में खरीदी की जा रही है और खरीदी केन्द्र पर किसानों को भी परेशान होना पड़ रहा है।

मिलिंग एजेंसी द्वारा चावल के साथ मिलाए जाने वाले एफआरके की सप्लाई के लिए कुछ कंपनियों को चयनित किया गया है, जिसमें मिलर्स को उन्हीं कंपनियों से एफआरके खरीदने के लिए बाध्यता है है जिसका भुगतान मिलर्स द्वारा ही किया जाना है। नीति समय-समय में राईस मिल भौतिक सत्यापन के लिए लिखा गया है, किन्तु वास्तविकता में मिलर्स को प्रदाय धान से निर्धारित अनुपात के अनुसार चावल की प्राप्ति नहीं होने के कारण भौतिक सत्यापन के समय स्टॉक में अंतर आता है, जिसके कारण मिलर्स मानसिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### लोडिंग-अनलोडिंग का भुगतान संबंधित आदेश जारी नहीं

बताया जा रहा है कि बैतूल जिला के पूर्व वर्षों में सीएमआर का शॉट-फॉल जिला रहा था जिस आधार पर संपूर्ण सीएमआर स्टेट पूल में जमा कराना होता था परंतु इस वर्ष चावल का रेशो कम होने के कारण बैतूल जिला एफआईसी के अंतर्गत आ रहा है, जिस कारण बिना अपग्रेडेशन राशि के एफसीआई में काम करना असंभव होगा। वहीं वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में की गई मिलिंग के अंतर्गत मिलर्स को धान चावल की लोडिंग अनलोडिंग का भुगतान किए जाने संबंधी आदेश आज दिनांक तक जारी नहीं हुए है। उपार्जन वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में उपार्जन के लिए समितियों में जमा की गई बोरियों पर राज्यांश की उपयोगिता व्यय राशि का भुगतान किए जाने आदेश आज तक जारी नहीं। गए है, जिसकी वजह से उक्त मिलर्स को अप्राप्त है।

### अभी तक 1 लाख 49 मेट्रिक टन धान की खरीदी

जिले में 1 दिसंबर से धान खरीदी का कार्य शुरू हुआ है और अभी तक 1 लाख 49 हजार मेट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिले में धान खरीदी के लिए 20 केंद्र बनाए गए है, जिनमें 16 गोदाम आधारित है, जहां भंडारण समस्या अपेक्षाकृत कम है, वहीं चोपना क्षेत्र के चार केंद्रों में खुले में धान खरीदी की जा रही है। हालांकि यहां से विभाग द्वारा धान का परिवहन कराया जा रहा है, लेकिन धान परिवहन की रफ्तार धीमी है। इन केन्द्रों की क्षमता सीमित होने से पूरी व्यवस्था अव्यवस्था में बदलते जा रही है। बताया जा रहा है कि किसानों की उमड़ती भीड़ और लगातार बढ़ रहे खरीदी दबाव के बीच शासन-मिलरों का विवाद अगर जल्द नहीं सुलझा, तो धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया अव्यवस्था और नुकसान में बदल सकती है और इसकी सीधी मार किसानों पर पड़ेगी।

### ज्ञापन सौंपा है

मिल मालिकों से अभी तक अनुबंध नहीं हुआ है। मिल एसोसिएशन की मिल नीति को लेकर कुछ मांगें हैं, जिनको लेकर उन्होंने शासन को ज्ञापन सौंपा है। शासन स्तर से ही मामले में निर्णय होने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू हो पाएगी। फिलहाल जहां खुले केन्द्रों पर धान खरीदी हो रही है, वहां से परिवहन कार्य शुरू कर दिया है। अभी तक 1 लाख 49 हजार एमटी धान की खरीदी हो चुकी है।

-जीएल लुधियानवी, डीएमओ नागरिक आपूर्ति निगम बैतूल

## कल से शुरू होगा ग्राम भयावाडी में मेला




**शाहपुर।** ग्राम भयावाड़ी के नर्मदा आश्रम पोसेरा, श्री सिद्धेश्वर जय बजरंग मेला कल 19 दिसंबर शुक्रवार से प्रारंभ होने जा रहा है। इसके पूर्व 18 दिसंबर गुरुवार को सुबह 10 बजे से दुकान लगाने के लिए दुकानदारों को प्लाट आवंटन किया जाएगा। मेला निजी भूमि स्वामी जोहरी पटेल अध्यक्ष पोसेरा मंदिर समिति की भूमि पर आयोजित किया जाता है। मेले में पूजन अर्चन के पश्चात नारदीय भजन की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसका 19 दिसंबर को समापन पुरस्कार वितरण के साथ होगा।

इसके बाद विशाल रामसत्ता भजन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता 20 दिसंबर शनिवार को रात्रि 8 बजे समाप्त होगी। मेले में प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त बैलगाड़ी दौड़ का भी आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता दो प्रकार से आयोजित की जा रही है। एक छोटी बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता और दूसरा बड़ी बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता, जिसमें छोटी बैलगाड़ी दौड़ छोटी प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 2501 रुपए और बड़ी बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 8001 रुपए होगा। रामसत्ता का प्रथम पुरस्कार राशि 11001 रुपए दी जावेगी।

## पुलिस ने चाकूबाजी के 3 फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार



**बैतूल।** पुलिस ने चाकूबाजी के 3 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 6 जुलाई को फरियादी दानिश कुरैशी पिता जावेद कुरैशी उम्र 15 साल निवासी तिलक वार्ड कोठी बाजार बैतूल ने हमराह शेख सरीफ कुरैशी ने रिपोर्ट किया कि 5 जुलाई के रात्रि करीबन 11.50 बजे अपने दोस्त रजा कुरैशी एवं जैद कुरैशी के साथ इमामबाडा आजाद वार्ड में बाबा की सवारी में नाच रहे थे, नाचने के दौरान रजा कुरैशी के हाथ का धक्का निहाल एवं रिजु को लगा तो इसी बात को लेकर निहाल एवं रिजु हम तीनों को मां बहन की गंदी गंदी गालियां देने लगे जो सुनने में बुरी लग रही थी। गाली देने से मना किया तो निहाल ने रजा के दोनों हाथ पकड लिया और रिजु ने अपने पास रखा चाकू निकालकर रजा कुरैशी के ऊपर दो-तीन वार किये, जिससे रजा कुरैशी को कमर व पेट के बाये हिस्से में चोटे आई है। बीच बचाव करने पर निहाल एवं उसका साथी तालीफ ने मुझे और जैद को हाथ मुक्को से मारा। जिससे बांये गाल पर मूंदी चोटे एवं जैद को दाहिने कान पर चोटे आई। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296,115(2), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस एवं इजाफा धारा 109 (1) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण के आरोपी रिजवान खान उर्फ रिजु खान को पूर्व में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। 16 दिसंबर को आरोपी मोह. तालीफ पिता मोहम्मद शफीक, सैय्यद फरहान अली पिता सैय्यद मुब्बशर अली, शानिब उर्फ निहाल खान पिता शकील खान को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, वहीं अन्य आरोपियो की तलाश पतारसी जारी है।

## तहसील प्रभारी हरिद्वार के लिए रवाना



**शाहपुर।** योग समिति के तहसील प्रभारी शारदा प्रसाद मुरलीधर गुप्ता हरिद्वार में होने जा रहे योग प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए। सभी योग समिति के सदस्यों और नगर के नागरिकों ने उनके निवास पहुंचकर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। उनकी इस यात्रा शुभ मंगलमय हो, की कामना की। शारदा प्रसाद गुप्ता ने बताया कि वह चार दिवसीय प्रशिक्षण का पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर 25 दिसंबर को वापस नगर शाहपुर लौटेगे। योग प्रशिक्षण से जो लाभ प्राप्त होगा, उन योग क्रियाओं को वे नगर के लोगों से सांझा करेगे। उन्होंने कहा है कि योग करेंगे तो स्वस्थ जीवन होगा। वातावरण भी अच्छा निर्मित होगा। मन में पॉजिटिविटी भी बढ़ेगी, नेगेटिविटी का समापन होगा।

## युवा संगम के तहत रोजगार मेला 24 को

**बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 24 दिसंबर को युवा संगम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन प्रातः 11 से 4 बजे तक शासकीय डॉ.भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय आमला में किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन ने कार्यक्रम आयोजन का नोडल जिला रोजगार अधिकारी और प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल को नियुक्त किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का प्राथमिकता के आधार पर निर्वहन एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके।

## 47वीं अंतर क्षेत्रीय महिला खेल प्रतियोगिता का समापन, सिंगाजी खंडवा रही चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी




47वीं अंतर क्षेत्रीय महिला खेल प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह नया समाज कल्याण केंद्र सारनी में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, बिरसिंहपुर, सिंगाजी खंडवा एवं सारनी की टीमों ने सहभागिता की। विभिन्न खेलों में कुल 70 महिला खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम एवं टेनिकोट खेलों को शामिल किया गया। टीम इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगाजी खंडवा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इंदौर द्वितीय एवं सारनी टीम तृतीय स्थान पर रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि व्हीके कैथवार मुख्य अभियंता, उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में राजीव गुप्ता (अतिरिक्त मुख्य अभियंता), पीयूष गुप्ता (वरिष्ठ रसायनज्ञ), उल्हास देशमुख (क्षेत्रीय खेल सचिव) एवं नवनीत कुमार गुप्ता (संयुक्त निदेशक, वित्त एवं लेखा) मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम सिंगाजी खंडवा, द्वितीय सारनी, तृतीय इंदौर, वहीं टेबल टेनिस में प्रथम सिंगाजी खंडवा, द्वितीय भोपाल, तृतीय उज्जैन, बैडमिंटन में प्रथम सिंगाजी खंडवा, द्वितीय सारनी, तृतीय जबलपुर केंद्रीय कार्यालय, कैरमः प्रथम इंदौर, द्वितीय सारनी, टेनिकोट में प्रथम सिंगाजी खंडवा, द्वितीय जबलपुर केंद्रीय कार्यालय, तृतीय सारनी रही। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता के लिए सारनी की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन भी किया गया। चयनित खिलाड़ियों में बैडमिंटन से प्रीति पटले एवं प्रियंका डोडियार, शतरंज से दीपिका ठाकरे, टेबल टेनिस से कल्पना गुप्ता, कैरम से चन्दना पवार एवं सुशीला वरकड़े, तथा टेनिकोट से रश्मि बिसेन एवं रजनी मरावी शामिल हैं। समापन अवसर पर अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं महिलाओं में खेल भावना, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देती हैं।

### अग्रसेन योग मंदिर में डिटॉक्स शिविर आयोजित

## 'डिटॉक्स पद्धति अपनाकर शरीर से बाहर निकाले जा सकते हैं विषैले पदार्थ'



**बैतूल।** शरीर की शुद्धि और विभिन्न रोगों के निवारण के उद्देश्य से अग्रसेन योग मंदिर, विनोबा नगर बैतूल में प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति एवं शरीर शुद्धि डिटॉक्स शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्राकृतिक उपचार के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया गया। शिविर का आयोजन आरोग्य केंद्र भोपाल एवं संत हिरंदाराम कॉलेज ऑफ नेचरोपेथी एंड योगा भोषाक के तत्वाधान में किया गया।

शिविर में संस्थापक एवं प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. रमेश टेवानी पीएचडी, एम फिल योगा, बीएनवाईएसडी फार्मा ने विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने अपक भोजन, सलाद, फल एवं जूस को दैनिक भोजन में शामिल करने पर जोर दिया। डॉ. रमेश टेवानी ने बताया कि डिटॉक्स पद्धति अपनाकर शरीर से विषैले पदार्थ बाहर निकाले जा सकते हैं और प्राकृतिक चिकित्सा से व्यक्ति निरोगी रह सकता है। श्री अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर एवं शिविर के आयोजक अनिल राठौर ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा आज की आवश्यकता है। शिविर के प्रशिक्षक योगगुरु रोशन मौखे? ने योग और संतुलित दिनचर्या के माध्यम से सुखी और खुशहाल जीवन जीने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर डॉ. रिशांक राठौर ने अपने स्टाफ और मित्रों को प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति एवं शरीर शुद्धि के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने की सलाह दी और नियमित रूप से इसे अपनाने का आह्वान किया। शिविर में बैतूल एवं आसपास क्षेत्र के 100 से अधिक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सीएमएचओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खंडारा व उप स्वास्थ्य केन्द्र खेडला का किया निरीक्षण



**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाडे ने 16 दिसम्बर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खंडारा एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र खेडला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र खेडला में सीएचओ एवं पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता अनुपस्थित मिले। दोनों अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन आहरण नहीं करने के आदेश बीएमओ सेहरा को दिए गए एवं कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। संतोषप्रद जवाब न देने पर दंडात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। साथ ही सीएमएचओ द्वारा ग्राम में टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस में महिलाओं से चर्चा कर ग्राम में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। सीएमएचओ ने महिलाओं को बताया कि जन्म प्रमाण-पत्र एवं टीकाकरण कार्ड एक बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो हमेशा बच्चे के काम आएगा, इसे संभाल कर रखें। उन्होंने बताया कि बच्चों को सही उम्र टीके लगाया जाना कितना आवश्यक है, धात्री महिलाओं को बताया कि 6 महीने तक बच्चों को मां के दूध के अतिरिक्त ऊपरी आहार कुछ नहीं देना है, मां का दूध अमृत के समान एवं सर्वोत्तम है। उन्होंने शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर डाटा मैनेजर तापीदास चढ़ोकार भी उपस्थित रहे।

## केंद्रीय विद्यालय में दो दिवसीय स्काउट-गाइड द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



केंद्रीय विद्यालय सारनी के परिसर में आयोजित दो दिवसीय स्काउट-गाइड द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा टीम भावना का विकास करना रहा। शिविर के दौरान स्काउट-गाइड विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत कला एवं हस्तशिल्प, रचनात्मक कार्य, नाट्य एवं मंचीय प्रस्तुतियाँ कराई गईं। साथ ही प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को जागरूक किया गया। संध्या काल में सामूहिक परंपराओं के अंतर्गत कैंपफायर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गीत, नाटिकाएँ तथा मित्रता बढ़ाने वाली गतिविधियाँ प्रस्तुत की गईं। ऑल-कैंप प्रतियोगिताओं, खेलकूद एवं प्रतिभा प्रदर्शन ने शिविर को रोचक एवं प्रेरणादायक बनाया। समापन अवसर पर स्काउट प्रभारी राम अभिलाष पाल एवं गाइड प्रभारी रचना कुमारी रावत ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को अनुशासन, सहयोग एवं सेवा भावना के महत्व को समझाते हुए भविष्य में इन्हें अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

### स्व. विजय खंडेलवाल स्मृति में आवाज सितारों की संगीत निशा का होगा आयोजन

## 3 जनवरी को उत्कृष्ट विद्यालय में सजेगी संगीत संध्या



**बैतूल।** जिले की प्रमुख सांगीतिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था शब्द एक बार फिर संगीत प्रेमियों के लिए यादगार संध्या लेकर आ रही है। स्वर्गीय विजय खण्डेलवाल स्मृति में आयोजित आवाज सितारों की दिलकश नग्मों का सफर शीर्षक से संगीत निशा का आयोजन 3 जनवरी 2026 शनिवार को उत्कृष्ट विद्यालय के मुक्त आकाश मंच पर किया जाएगा। यह आयोजन जिले के सांसद और पूर्व अधिवक्ता विकास के प्रतीक रहे स्व. विजय खण्डेलवाल की स्मृति को समर्पित रहेगा, जिसमें सुरों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। शब्द संस्था विगत कई वर्षों से संगीत जगत के ख्यातिनाम कवि, शायर और संगीतकारों के रचनात्मक संग्रह पर आधारित प्रस्तुतियां देती आ रही है। संस्था के कार्यक्रम संयोजक प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि इस संगीतमय संध्या में आवाज सितारों की के माध्यम से श्रोताओं को दिलकश नग्मों की यादगार यात्रा कराई जाएगी। शब्द संस्था के प्रमुख, अधिवक्ता एवं उद्घोषक अजय दुबे ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में जिले के श्रेष्ठतम कलाकारों के साथ-साथ प्रदेश और देश के मशहूर कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। आयोजकों के अनुसार, यह संध्या संगीत रसिकों के लिए भावनात्मक और सांस्कृतिक अनुभव होगी, जहां स्मृति, सम्मान और संगीत का सुंदर संगम देखने को मिलेगा। शब्द संस्था ने सभी संगीत प्रेमी श्रोताओं से अपील की है कि वे पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपना आशीर्वाद बनाए रखें।

## घरेलू विवाद में बेटे ने पिता को मारकर उतारा मौत के घाट



**इटारसी।** तवा नगर थाना क्षेत्र के ग्राम 28 चिचा में घरेलू विवाद के चलते एक पुत्र ने अपने पिता की लकड़ी से मारकर हत्या कर दी। घायल पिता को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज किया है। तवा नगर थाना प्रभारी संजय पांडे ने बताया कि केसला थाने से डायरी जीरो पर मामला दर्ज होकर तवा नगर थाने पहुंचा। जांच में पता चला कि मृतक छोटे लाल की हत्या उसके बेटे कलीराम ने की।ऐसे खुलासा हुआ मामलाप्रभारी संजय पांडे के अनुसार, जांच के दौरान मृतक की पत्नी समोती बाई के बयान से पूरा मामला सामने आया। घटना वाली रात छोटे लाल, उनकी पत्नी समोती बाई, बड़ा बेटा कलीराम और परिवार आग ताप रहे थे। तभी घरेलू विवाद हो गया। अस्पताल में संजय ने डॉक्टरों को गाड़ी स्लिप होने से चोट लगने की बात बताई, लेकिन जांच में यह झूठ सामने आया। पुलिस ने आरोपी कलीराम को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच जारी क़र रही है।

## देवास पुलिस को मिली बड़ी सफलता, हाटपीपल्या पुलिस ने 11 को किया गिरफ्तार

# गेमिंग एप से युवाओं से लाखों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### इसी गेमिंग ऐप से हुए आर्थिक नुकसान के चलते युवक ने की थी आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप, सट्टा और जुए के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले एक संगठित गिरोह का मंगलवार को पर्दाफाश किया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि अब तक इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।यह गिरोह लंबे समय से हाटपीपल्या थाना क्षेत्र में सक्रिय था। मुख्य आरोपी जाकिर पठान, निवासी अण्डा गली, हाटपीपल्या, ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए अवैध सट्टा संचालित कर रहा था। वह युवाओं को अधिक लाभ का लालच देकर सट्टा खेलने के लिए प्रेरित करता था।इस धोखाधड़ी के कारण नगर के कई युवक आर्थिक रूप से बर्बाद हो गए थे। पूर्व में इसी गेमिंग ऐप से हुए आर्थिक नुकसान के चलते योगेश अग्रवाल नामक युवक ने आत्महत्या कर ली थी।

इस घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज की।थाना प्रभारी हाटपीपल्या निरीक्षक दीपक यादव के नेतृत्व में पुलिस ने जाकिर पठान को गिरफ्तार किया। पूछताछ में जाकिर ने बताया कि वह अरुण तंवर और हरिश सोलीवाल के निर्देश पर काम करता था।आरोपी सट्टा खेलने के इच्छुक लोगों से विभिन्न बैंक खातों में पैसे जमा कराते थे और उन्हें वेबसाइट की आईडी व पासवर्ड देते थे। जमा की गई राशि के बदले पॉइंट्स दिए जाते थे, जिनका उपयोग ग्राहक ऑनलाइन गेम खेलने के लिए करते थे।जीत की राशि का भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया जाता था, जिसमें अक्सर फर्जी और ठगी से प्राप्त पैसों का इस्तेमाल होता था। इस गिरोह की मास्टर आईडी इंदौर निवासी राहुल चौरसिया से प्राप्त की जाती थी। आरोपीगण funrep.pro, mydgp.online एवं playrep.pro नामक वेबसाइट्स के माध्यम से 24×7 ऑनलाइन सट्टा (हार–जीत) संचालित करते थे । मास्टर आईडी इंदौर निवासी राहुल चौरसिया से प्राप्त की जाती थी, जिसके अंतर्गत हाटपीपल्या क्षेत्र में कई एजेंट आईडी बनाई गई थीं। इन एजेंट आईडी के माध्यम से सैकड़ों युवाओं को ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जाल में फंसाकर लाखों–करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की गई। उक्त गेमिंग ऐप के विरुद्ध पूर्व में थाना करही, जिला खरगोन एवं क्राइम ब्रांच इंदौर में भी प्रकरण पंजीबद्ध होना पाया गया है।थाना हाटपीपल्या पुलिस ने कार्रवाई कर हरिश सोलीवाल पिता अशोक निवासी हाटपीपल्या (आईडी संचालक), अरुण तंवर पिता गोविंद निवासी अशोकगंज हाटपीपल्या (आईडी संचालक),जाकिर पठान पिता अय्युब निवासी हाटपीपल्या, अक्षत पिता सुनिल टांडी उम्र 20 साल निवासी हाटपीपल्या,दुर्गेश पिता श्रीराम पाटीदार निवासी कनोंदिया मण्डलेश्वर जिला खण्डवा, राजकुमार पिता मुरलीधर जायसवाल उम्र 32 साल निवासी गधवानी जिला धार, जितेन्द्र पिता सुरज सिंह संघठ उम्र 33 साल निवासी हाटपीपल्या, शहजाद पिता सिराज कुरेशी उम्र 48 साल निवासी पुंजापुरा, सुनिल पिता देवीलाल पंडित उम्र 30 सात निवासी हाटपीपल्या, सुभाष पिता सुमेर दरबार उम्र 45 साल निवासी हाटपीपल्या और गोलू पिता सुरेश अण्डेरिया उम्र 32 साल निवासी हाटपीपल्या 11 को गिरफ्तार किया।

## सौरभ के हत्यारों को गिरफ्तार करने एसपी के नाम दिया ज्ञापन

### सर्व ब्राह्मण समाज ने की जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ (सर्व ब्राह्मण समाज) द्वारा सौरभ उर्फ विक्की पिता स्व. हनुमान प्रसाद मिश्रा के हत्यारों को पकड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि 25 नवम्बर की शाम को जब सौरभ (विक्की) किसी काम से कवि कालीदास स्थित अपने घर से निकला था लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटने के कारण परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला और अगले दिन 26 नवंबर को 11 बजे सूचना मिली कि सौरभ को घायल अवस्था में एम जी हास्पिटल में भर्ती किया गया है।

सौरभ के सिर, मुंह, आंख व उसके शरीर के काफी भाग पर गंभीर चोंटे आई थी जिससे कि स्पष्ट प्रतीत हो रहा था कि किसी ने उसकी हत्या करने के उद्देश्य से मारपीट की थी। 27 नवम्बर को सौरभ की मृत्यु हो गई। किंतु आज दिनांक तक पुलिस द्वारा सौरभ के हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया न ही उक्त प्रकरण में पुलिस ने कोई उचित कार्यवाही की है। पूर्व में सौरभ की माता विजय लक्ष्मी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को सौरभ की हत्या की निष्पक्ष जांच कर हत्यारों को पकड़ने के लिए आवेदन दिया था लेकिन उक्त आवेदन पर कोई जांच नहीं हुई है न ही उसकी मृत्यु की असल वजह सामने आ सकी है। सौरभ अपने परिवार का जिम्मेदार सदस्य था वह कमीशन पर लोन दिलवाने का काम करता था। उसी से परिवार चलता था। उसकी मौत से परिवार दुखी है एवं काफी परेशानी में है।

## वैश्य महासम्मेलन महिला की इटारसी तहसील अध्यक्ष अंजू



**इटारसी।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश महिला इकाई की नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल की अनुशंसा पर संभाग अध्यक्ष नीरजा फौजदार और जिला प्रभारी राजश्री राठी की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष ज्योति जैन के द्वारा अंजू गुप्ता को इटारसी तहसील का अध्यक्ष बनाया गया। अंजू कई सामाजिक संगठनों से जुड़ी हुई हैं। सभी पदाधिकारियों ने अंजू को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## ओझा बस्ती में कंबल वितरणः विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के निर्देश पर नगर पालिका अध्यक्ष के माध्यम से राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से डॉ. सीतासरन शर्मा के निर्देश पर ओझा बस्ती के समस्त परिवारों को कंबल एवं गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। यह वितरण नगर पालिका परिषद के माध्यम से पंकज चौरे द्वारा संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान ओझा बस्ती के निवासियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर एवं परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला ने संवाद किया। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि विधायक डॉ. सीता शरण शर्मा के मार्गदर्शन में ओझा बस्ती में पक्के निर्माण के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु किए गए प्रयास अब धरातल पर उतरने जा रहे हैं और संबंधित निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे। साथ ही बस्तीवासियों के आधार कार्ड व अन्य समस्याओं की जानकारी भी ली गई।

इस अवसर पर पार्षद अमृता मनीष ठाकुर ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय विधायक द्वारा पूर्व में भी ओझा बस्ती के परिवारों के लिए आवासों का निर्माण कराया गया था और अब उन्हें और अधिक सर्व-सुविधायुक्त बनाया जा रहा है, जिससे बस्तीवासियों का जीवन स्तर बेहतर होगा।

कार्यक्रम में पत्रकार सुधांशु मिश्रा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूजा गौर, आशा कार्यकर्ता विनम लोवशी, आंगनबाड़ी सहायिका उम्रा रैकवार एवं अंजलि जोठे भी उपस्थित रहीं।

कंबल वितरण से बस्तीवासियों को सर्दी के मौसम में बड़ी राहत मिली।

स्थानीय नागरिकों ने इस मानवीय पहल के लिए विधायक एवं नगर पालिका परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महिला की दबंगई के खिलाफ सड़कों पर उतरीं महिलाएं, प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पुरानी इटारसी की वर्मा कॉलोनी वार्ड 2 में एक महिला की दादागिरी से परेशान मोहल्लेवासियों का सब्र जवाब दे गया। स्थानीय महिलाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और जमानी मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।

**प्रशासनिक कार्रवाई, मौके पर पहुंची जेसीबीः**

हंगामे और चक्का जाम की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हुआ। एसडीएम नीलेश शर्मा के निर्देश पर तहसीलदार सुनीता साहनी और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने आक्रोशित महिलाओं को समझाकर शांत कराया और तत्काल कार्रवाई शुरू की। प्रशासन ने जेसीबी की मदद से महिला द्वारा किए अवैध निर्माण और चटावे को जमींदोज कर दिया। तहसीलदार ने आरोपी महिला को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि दोबारा सार्वजनिक मार्ग को बाधित किया य तो सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के बाद महिलाओं ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया। वार्डवासियों ने लेते हुए कहा कि लंबे समय से चल रही इस परेशानी का अंत एकता और प्रशासनिक सहयोग से हुआ।

**मौके पर पहुंची जेसीबी**

हंगामे और चक्का जाम की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हुआ। एसडीएम नीलेश शर्मा के निर्देश पर तहसीलदार सुनीता साहनी और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने आक्रोशित महिलाओं को समझाकर शांत कराया और तत्काल कार्रवाई शुरू की। प्रशासन ने जेसीबी की मदद से महिला द्वारा किए अवैध निर्माण और चटावे को जमींदोज कर दिया।

## अनुभवी गोस्वामी बने इटारसी नगर कांग्रेस अध्यक्ष, संगठन ने उन पर जताया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक फेरबदल करते हुए प्रदेश के सभी ब्लॉकों में नए अध्यक्षों की नियुक्तियां की हैं। इसी क्रम में नर्मदापुरम जिले के महत्वपूर्ण व्यापारिक और राजनीतिक केंद्र इटारसी में कन्हैया गोस्वामी को नगर कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**तीन दशकों का समर्पित राजनीतिक सफरः** वरिष्ठ नेता कन्हैया गोस्वामी की नियुक्ति उनके दीर्घकालीन अनुभव और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा को देखते हुए की गई है। श्री गोस्वामी पिछले तीन दशकों से कांग्रेस के समर्पित सिपाही रहे हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत छात्र राजनीति से की थी, जिसके बाद वे एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष और सांसद प्रतिनिधि जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे। साथ ही, वे जिला कांग्रेस कमेटी में महामंत्री का दायित्व भी सफलतापूर्वक संभाल चुके हैं।

**शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार** अपनी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए नवनियुक्त नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कहा "पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उसे पूरी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। मेरा लक्ष्य इटारसी में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करना और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है।

गोस्वामी ने अपनी इस नियुक्ति के लिए एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, वरिष्ठ नेता मानक अग्रवाल एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पांडे के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## स्टेशन मास्टर एसोसिएशन की बैठक में संरक्षा पर ज़ोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन की केंद्रीय कमेटी की दो दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक विशाखापट्टनम में 12 और 13 दिसंबर 2025 को संपन्न हुई।

इस बैठक में देशभर से 210 स्टेशन मास्टरों ने भाग लिया, जिसमें रेलवे की संरक्षा और स्टेशन मास्टरों की कार्यदशाओं में सुधार पर व्यापक चर्चा हुई।

प्रमुख मांगें और प्रस्तावकेंद्रीय पदाधिकारियों ने बैठक में रेलवे प्रशासन के समक्ष स्टेशन मास्टरों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण माँगे रखीं, **तीसरी लाइनः** यह मांग की गई कि नई तीसरी लाइन के निर्माण के बाद स्टेशन पर कम से कम दो स्टेशन मास्टर की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

**रात्रि ड्यूटी में कटौतीः** स्टेशन मास्टरों के लिए सप्ताह में रात्रि ड्यूटी की संख्या घटाकर केवल चार की जाए।

**ड्यूटी अवधि सीमाः** देश भर में सभी स्टेशनों पर चल रही 12 घंटे की ड्यूटी प्रणाली को तत्काल समाप्त किया जाए।

## सेज ग्रुप के शिक्षा आपके द्वार कार्यक्रम में छात्र और शिक्षक का किया सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सेज ग्रुप भोपाल द्वारा प्लेटिनम प्लाजा में सेज शिक्षा आपके द्वार अभियान के अंतर्गत छात्र एवं शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। दो सत्रों में चले इस प्रभावशाली कार्यक्रम में शिक्षा के भविष्य, करियर काउंसलिंग और नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की गई।

विद्यार्थियों ने विशेष रूप से इंजीनियरिंग, फार्मेसी, मैनेजमेंट और कंप्यूटर एप्लिकेशन जैसे कोर्सेज में गहरी रुचि दिखाई।समाज के शिल्पकारो अभिनंदनशाम के सत्र में शिक्षक सम्मान समारोह में इटारसी एवं आसपास के क्षेत्रों के प्रतिष्ठित शिक्षकों ने भाग लिया। इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं आरके चोलकर उपस्थित रहे। इस दौरान विशेषज्ञों ने नई शिक्षा नीति और वर्तमान शिक्षण पद्धतियों पर अपने विचार साझा किए।वक्ताओं ने सेज समूह के चेयरमैन इंजीनियर संजीव अग्रवाल की शिक्षा-उन्नयन दृष्टि और नवाचारों की सराहना की। प्रो. आलोक बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के भविष्य को भी आकार देते हैं।

आयोजन को सफल बनाने में सेज ग्रुप के वरिष्ठ प्रो. आलोक बघेल, राहुल मालवी, आयुषी तिवारी और रवि चौहान की मुख्य भूमिका रही।

## मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

चापडा। पुलिस थाना कमलापुर पर फरियादी सुनील व्दारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि मेरे अंकल लालसिंह के लड़के राजू और अनिल में आपसी विवाद होने से मेरे पिता जगन्नाथ के साथ डंडे और पत्थर से मारपीट की गई और लालसिंह और अशोक ने हाथ मुक्को से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कमलापुर पर अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस थाना कमलापुर सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपीगण लालसिंह पिता जामसिंह डावर,अनिल पिता लालसिंह डावर,अशोक पिता लालसिंह डावर एवं राजू पिता लालसिंह डावर निवासीगण ग्राम जामनझीरी खेड़ाखाल को गिरफ्तार किया गया। उक्त प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### संसदीय क्षेत्र को मिलेगी नई ट्रेनों और बेहतर रेल सुविधाओं की सौगात

# सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने रेल मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम-नरसिंहपुर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सौजन्य भेंट की।

इस मुलाकात के दौरान उन्होंने क्षेत्र की लंबित रेल परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं के विस्तार पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर छिंदवाड़ा सांसद बंटी विवेक साहू और खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल भी उपस्थित रहे।

**रेलवे गेट व ओवरब्रिज :** सहेली-ताकू रेलवे गेट की समस्या और धरमकुंडी रेलवे स्टेशन के पास बहुप्रतीक्षित रेल ओवरब्रिज के निर्माण का आग्रह।

**खास बातें**

- इन महत्वपूर्ण विषयों पर भी हुई चर्च सांसद ने रेल मंत्री को एक मांग पत्र सौंपते हुए क्षेत्र की निम्नलिखित बुनियादी जरूरतों की ओर ध्यान आकर्षित किया।



**बनखेड़ी क्रॉसिंग :** बनखेड़ी में रेलवे क्रॉसिंग की समस्या का स्थायी समाधान।समय सारिणी व **ठहराव :** विंध्याचल एक्सप्रेस की समय सारिणी में संशोधन और क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग।स्टेशनों का **कायाकल्प :** संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण और सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए।क्षेत्र के विकास के लिए सकारात्मक पहलसांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने विश्वास जताया कि रेल मंत्री के सकारात्मक आश्वासन से जल्द ही रेल सुविधाओं में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

### नागपुर-भुसावल पैसेंजर ट्रेन की बहाली

मुलाकात के दौरान सांसद चौधरी ने क्षेत्रीय यात्रियों की सबसे प्रमुख मांग नागपुर-भुसावल पैसेंजर ट्रेन को पुनः प्रारंभ करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि इस ट्रेन के बंद होने से दैनिक यात्रियों और छोटे व्यापारियों को काफी परेशानी हो रही है। सकारात्मक रुख अपनाते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**पारूप-दस**
**(लियम 7 देखिये)**
**न्यायालय तहसीलदार सोहागपुर, जिला-नर्मदापुरम म.प्र.**

**रा.प्र.क्र. 0001/अ-20(3)/2025-26**
**मौजा पामली तहसील पिपरिया**
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सोहागपुर........ आवेदक
बनाम
म.प्र. शासन................ अनावेदक
**// उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सोहागपुर द्वारा ग्राम पामली, रा.नि.म. धपाड़ाकलॉ, तहसील सोहागपुर स्थित भूमि ख.न. 55 में से 7182 वर्गमीटर भूमि आश्रय स्थल निर्माण हेतु भूमि आवंटन की मांग की गई है। न्यायालय नायब तहसीलदार सोहागपुर में राजस्व प्रकरण 0001/अ-20(3)/2025-26 दर्ज किया जाकर विचाराधीन है।

उक्त भूमि आवंटन में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को प्रश्नाधीन भूमि के आवंटन में कोई आपत्ति हो तो वह स्वंय अथवा अपने अभिभाषक, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार सोहागपुर के समक्ष उपस्थित होकर पेशी दिनांक 26 दिसंबर 2025 के पूर्व अथवा पेशी दिनांक तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया

**नायब तहसीलदार**
**सोहागपुर, जिला-नर्मदापुरम म.प्र.**

**प्रारूप-दस**
**(नियम-7 देखिये)**
**न्यायालय नायब तहसीलदार सोहागपुर, जिला-नर्मदापुरम म.प्र.**

**रा.प्र.क्र. 0002/अ-20(3)/2025-26**
**मौजा-रेवामोहारी तहसील पिपरिया**
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सोहागपुर.................. आवेदक
बनाम
म.प्र. शासन.................... अनावेदक
**// उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सोहागपुर द्वारा ग्राम रेवामोहारी, रा.नि.म. धपाड़ाकलॉ, तहसील सोहागपुर स्थित भूमि ख.न. 269 कुल रकबा 3.300 हे. भूमि में से 8093 वर्गमीटर भूमि आश्रय स्थल निर्माण हेतु भूमि आवंटन की मांग की गई है। न्यायालय नायब तहसीलदार सोहागपुर में राजस्व प्रकरण 0002/अ-20(3)/2025-26 दर्ज किया जाकर विचाराधीन है।

उक्त भूमि आवंटन में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को प्रश्नाधीन भूमि के आवंटन में कोई आपत्ति हो तो वह स्वंय अथवा अपने अभिभाषक, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार सोहागपुर के समक्ष उपस्थित होकर पेशी दिनांक 26 दिसंबर 2025 के पूर्व अथवा पेशी दिनांक तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सोहागपुर, जिला-नर्मदापुरम म.प्र.**

**पारूप-दस**
**(लियम-7 देखिये)**
**न्यायालय नायब तहसीलदार सोहागपुर, जिला-नर्मदापुरम म.प्र.**

**स.प्र.क्र. 0001/अ-20(3)/2025-26**
**मौजा- भटगांव तहसील पिपरिया**
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सोहागपुर................ आवेदक
बनाम
म.प्र. शासन..................... अनावेदक
**// उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सोहागपुर द्वारा ग्राम भटगांव, रा.नि.म. धपाड़ाकलॉ, तहसील सोहागपुर स्थित भूमि ख.न. 228 रकबा 3.9020 हे. में से 8093 वर्गमीटर भूमि आश्रय स्थल निर्माण हेतु भूमि आवंटन की मांग की गई है। न्यायालय नायब तहसीलदार सोहागपुर में राजस्व प्रकरण 0001/अ-20(3)/2025-26 दर्ज किया जाकर विचाराधीन है।

उक्त भूमि आवंटन में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को प्रश्नाधीन भूमि के आवंटन में कोई आपत्ति हो तो वह स्वंय अथवा अपने अभिभाषक, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा न्यायालय तहसीलदार सोहागपुर के समक्ष उपस्थित होकर पेशी दिनांक 26 दिसंबर 2025 के पूर्व अथवा पेशी दिनांक तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सोहागपुर, जिला-नर्मदापुरम म.प्र.**

## संभागायुक्त संजीव सिंह ने सीहोर जिले के एसआईआर कार्य की सराहना की

# एसआईआर कार्यों में समय-सीमा का कड़ाई से पालन करें: संभागायुक्त

### भोपाल संभागायुक्त ने सीहोर जिले के एसआईआर कार्य की समीक्षा की, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने सीहोर जिले में संपादित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने सीहोर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सीहोर जिले के ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, बीएलओ के सहयोगी कर्मचारियों और राजैनितिक दलों के बीएलए ने एसआईआर का कार्य व्यवस्थित और बेहतर ढंग से संपादित किया है।

संभागायुक्त श्री सिंह ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस प्रकार प्रथम चरण का कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं नियमानुसार संपन्न कराया गया है, उसी प्रकार द्वितीय चरण से संबंधित सभी कार्यों का भी प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि की कोई गुंजाइश न रहे। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए प्रत्येक कार्य को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी संवाद करते हुए कहा कि वे अपने-अपने बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) को आयोग के नवीन दिशा-निर्देशों से भली-भांति अवगत कराएं। इसके लिए प्रशासन एवं राजनीतिक दलों के बीच सतत परस्पर संवाद एवं समन्वय बनाए रखा जाए, ताकि कार्यों में पारदर्शिता और विश्वास बना रहे। संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी ईआरओ तथा एईआरओ को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर कार्यों के लिए निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी कार्य समयावधि के भीतर पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न किए जाएं। उन्होंने कहा कि मैपिंग कार्यों के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रहे।




उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि दस्तावेजी कार्यवाही, पंचनामा एवं रिकॉर्ड संधारण पूरी तरह दुरुस्त एवं अद्यतन रखे जाएं। फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन एवं दावे-आपत्तियों के निराकरण की प्रक्रिया इस प्रकार संपन्न की जाए कि किसी भी स्तर पर त्रृटि न हो। संभागायुक्त संजीव सिंह ने अंत में अधिकारियों से अपेक्षा की कि निर्वाचन से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें, ताकि मतदाता सूची अद्यतन, त्रुटिरहित एवं विश्वसनीय बन सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. ने जिले में संचालित एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जिले में एसआईआर के प्रथम चरण के कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराए गए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने अवगत कराया कि जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ, सुपरवाइजर एवं संबंधित अधिकारियों के माध्यम से घर-घर संपर्क, मतदाता सूची का सत्यापन, मैपिंग कार्य, दस्तावेज संधारण तथा फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 के माध्यम से नए मतदाता पंजीयन, संशोधन एवं दावे-आपत्तियों की कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं बीएलए के साथ समन्वय एवं संवाद बनाए रखा गया है, जिससे कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी प्रकार की शिकायत की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि द्वितीय चरण के एसआईआर कार्य भी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समय-सीमा के भीतर सफलतापूर्वक संपन्न किए जाएंगे।

भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े जिले की अन्य विधानसभाओं के ईआरओ, एईआरओ से संवाद किया और एसआईआर कार्य की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एसडीएम तन्मय वर्मा, इछावर एसडीएम स्वाति मिश्रा, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि राजकुमार गुप्ता, एनपी सागर , केके रिछारिया, जलज छोकर, संतोष प्रजापति, चेतन कुमार उपस्थित थे। बुधनी एवं आष्टा विधानसभा के ईआरओ एवं एईआरओ वीसी से बैठक में शामिल हुए ।

## खबर संक्षेप



### शहर में किया जाएगा तीन दिवसीय नानी बाई को मायरा

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के छावनी स्थित कुईया श्री गार्डन में आगामी 23 दिसंबर से नानी बाई को मायरो का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर कुईया परिवार की ओर से युवा पत्रकार अमित कुईया सहित अन्य ने अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से भेंट कर शोभा यात्रा सहित धार्मिक उत्सव में आने का आमंत्रण दिया। इससे पहले आयोजन समिति के द्वारा धार्मिक स्थानों पर आमंत्रण का वितरण किया जा रहा है। आगामी 23 से शहर के छावनी में होने वाले तीन दिवसीय नानी बाई को मायरो को लेकर तैयारियां की जा रही है। पहले दिन दोपहर 12 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी और उसके पश्चात पंडित संजय कृष्ण त्रिवेदी के मार्गदर्शन में दिव्य आयोजन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम पांच बजे तक और संध्याकालीन भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से धार्मिक कार्यक्रम में आने की अपील की।

### सीएमएचओ ने की समन्वित गर्भपात सेवाओं की समीक्षा



**सीहोर।** जिला चिकित्सालय में सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया द्वारा समन्वित गर्भपात सेवाओं (CAC) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा इन सेवाओं के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों एवं स्टाफ का उन्मुखीकरण भी किया गया। समीक्षा बैठक में सीएमएचओ ने संस्थावार गर्भपात आधारित सेवाओं की समीक्षा की। डॉ डेहरिया ने निर्देश दिए कि जिस भी स्वास्थ्य संस्था में गर्भपात की सेवाऐं दी जाती हैं वहां शासन के मानदंडों का पालन किया जाए, गर्भपात सेवाओं में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अपनी संस्था में गर्भपात सेवाएँ देने के इच्छुक मेडिकल ऑफिसर्स को प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित करने के लिये लिस्ट भी तैयार की गई।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे।

## विभागीय रोजगार योजनाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा, लापरवाही पर जताई कड़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में संचालित विभिन्न विभागों की रोजगारोन्मुखी योजनाओं की कलेक्टर बालागुरू के.द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में नगरीय विकास अभिकरण, उद्योग विभाग, मत्स्य विभाग, अंत व्यवसायी तथा स्व-सहायता समूहों से संबंधित योजनाओं की विभागवार प्रगति की जानकारी ली गई।

समीक्षा के दौरान जिन विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, उन पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जमकर फटकार लगाई। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने तथा प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी रोजगार योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयसीमा में सुनिश्चित किया जाए।

विशेष रूप से स्व-सहायता समूहों एवं अंत व्यवसायियों को स्वरोजगार से जोड़ने, उद्योग विभाग की योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने तथा मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन गतिविधियों को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। नगरीय विकास अभिकरण को शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करने, हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने तथा योजनाओं की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि रोजगार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी तथा लोगों को स्थायी आजीविका के अवसर प्राप्त होंगे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे एवं योजनाओं की अद्यतन प्रगति से कलेक्टर श्री बालागुरू के. को अवगत कराया गया।

## जनसमस्याओं को लेकर बसपा ने सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को बुदनी विधानसभा की तहसील भैरूंदा के ग्राम गोपालपुर की जनसमस्या को लेकर बहुजन समाज पार्टी के द्वारा क्षेत्र की जनसमास्याओं को लेकर दुर्गा चौक गोपालपुर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एड. कमलेश दोहरे जोन प्रभारी बसपा सागर ने धरना प्रदर्शन में क्षेत्र से आये कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। उन्होने कहा कि बुदनी विधानसभा में लगातार अन्याय अत्याचार जैसी कई समास्याओं को हमारे सामज के साथ अन्य लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहाँ से लगातार पूर्व मुख्य मंत्री शिवराजसिंह चौहान विधायक रहे उनके ही क्षेत्र में युवा बेरोजग़ारी की मार झेल रहे हैं। तत्पश्चात महामहीम राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। कमलेश दोहरे ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि गोपालपुर में थाने में विगत राजनितिक दबाव के बिना अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं मुस्लिम एवं गरीब लोगो की रिर्पोट दर्ज नहीं की जाती है रिर्पोट लिखाने के लिए थाना के चक्कर लगाने पडते है इस पर तत्तकाल कार्यवाही की जावे।



ग्राम सेमलपानी कदीम में जमीन को लेकर विवाद में अनुसूचित जाति के लोगो के द्वारा गोपालपुर थाने में जाकर रिर्पोट दर्ज कराई अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है लेकिन सामने वाले पक्ष के द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों पर झूठी रिर्पोट कर उन पर राजीनामा करवाने का दबाब बनाया जा रहा है। जो अनुसूचित जाति के लोगो ने जो फसल बोई थी उसको सामने वाले लोगा ने 8 दिन बाद बखने का कार्य किया जिसकी शिकायत गोपालपुर थाने में करने गये तो वहा पर हमारी शिकायत नहीं लिखी ओर आ दिनाक तक कोई कार्यवाही नही की गई।

ग्राम सेमलपानी कदीम के लगे आउट सोर्स पर कर्मचारियों को डी के द्वारा हटाया गया एवं आउट सोर्स पर कार्य कर रहे लाईन मेंन इकबाल खान के द्वारा सेमलपानी कदीम में लोगो के उपर बिजली के बिल मनमाने ढंग से दिया जा रहा है जिससे गरीब परेशान है।

ग्राम गोपालपुर इटावा इटारसी में ढावों पर खुलेआम शराब एवं सट्टे का कारोबार चल रहा है। इस पर तत्काल रोक कर कार्यवाही की जावे। गोपालपुर में अनुसूचित जाति के लोगो की जमीन जो कि विगत 60-70 वर्षों से जमीन पर काबिज है प्रशासन के द्वारा उनकी जमीन से हटाया जा रहा है जबकि ग्राम गोपालपुर में और भी लगभग 10 से 20 लोगो के पास शासकीय भूमि कब्जे की है लेकिन प्रशासन गरीब अनुसूचित जाति के लोगो की जमीन बल पूर्वक छीन रहा है। गोपालपुर में आवासयोजना में भी बडी धाधली की जा रही है किसी को एक और दो किस्त मिली है आज तक तीसरी किस्त नहीं मिली है जिससे लोग परेशान है उन्हे आवास योजना का लाभ दिया जावे। छिपानेर से मंडीघाट तक माँ नर्मदा को रेत के अवैध उत्तखनन करने वाले लोगो के द्वारा रात में धाटो पर पंडूपि एवं जे.सी.बी मां नर्मदा को छलनी किया जा रहा है इस पर उचित कार्यवाही करे। ग्राम गोपालपुर में जो कृषक भंवन जो कृषि उपज मंडी में बना है उसका उपयोग ना तो किसानो के लिए किया जाता है बल्कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लगातार उसमें मीटिंग कि जाती है जबकि कृषक भवन किसानों की सुविधा के लिए बना गया है।

### युवा समाजसेवी राजकुमार पटेल बने मीणा समाज सेवा संगठन के युवा जिला अध्यक्ष

**भैरुंदा।** मीणा समाज सेवा संगठन द्वारा युवा समाजसेवी राजकुमार पटेल को उनके निरंतर सामाजिक योगदान और समर्पण को देखते हुए युवा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पटेल पिछले 15 वर्षों से लगातार सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहकर समाजसेवा के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके सेवा भाव, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति निष्ठा को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया।इस अवसर पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने राजकुमार पटेल का पुष्पमालाओं एवं शुभकामनाओं के साथ अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। हरिसिंह वर्मा, अवध पटेल, रामसिंह पटेल, गोविंद पटेल, रामचंद्र डोवाल, गोविंद मीणा, अमित मीणा, रूप सिंह मीणा, चंदर मीणा, दीपक म्याला, पवन बालोत, भगवत मीणा, अर्जुन मीणा, संतोष पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजनो ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## नदी-नालों व कमांड क्षेत्र के साथ ओएमएस बाक्सों में तीन चरणों में पहुंचेगा नर्मदा जल



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

इंदिरा सागर परियोजना सनावद के मुख्य अभियंता सीएल आरख ने कहा है कि बहुप्रतीक्षित बिंजलवाड़ा सिंचाई परियोजना से नदी-नालों और सम्पूर्ण कमाण्ड क्षेत्र एवं ओएमएस बाक्सों में तीन चरणों में नर्मदा-जल पहुंचेगा। इस आशय के सख्त निर्देश निर्माण एजेंसी जीव्हीपीआर के महाप्रबंधक एमसी फिलिपोज को दिए गए हैं और इसमें कोई लापरवाही सहन नहीं की जावेगी। मुख्य अभियंता आरख बुधवार को परियोजना में हो रही देरी और नर्मदा जल नदी-नालों एवं खेतों तक पहुंचाने के सिलसिलेवार उत्तर दिये। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में नदी-नालों में 31 जनवरी 26 तक और दूसरे चरण में सम्पूर्ण कमाण्ड क्षेत्र के ओएमएस बाक्सों में 30 अप्रैल 26 तक पहुंचेगा नर्मदा-जल पहुंचेगा। जबकि तीसरे चरण में प्रत्येक 2.5 हेक्टेयर आउटलेट पर 30 जून 26 तक किसानों के खेतों तक नर्मदा-जल पहुंचाया जावेगा। भारतीय किसान संघ को भी इस आशय का लिखित आश्वासन दिया गया है। उन्होंने बताया कि पम्प हाउस क्रमांक-2 में विद्युत संयोजन कार्य दिनांक 20 जनवरी 26 तक पूर्ण करा लिया जावेगा। साथ ही पम्प हाउस क्रमांक 2 और कमांक 4 की मुख्य पाईप लाईन के माध्यम से 31 जनवरी 26 तक नदी नालो में नर्मदा-जल छोड़ा जावेगा। उन्होंने इस मामले में भारतीय किसान संघ और प्रतिनिधियों द्वारा सहमति देने पर आभार व्यक्त किया है।

### परियोजना का किया था निरीक्षण

मुख्य अभियंता आरख ने मंगलवार को बिंजलवाड़ा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ संभाग कमांक-21 के कार्यपालन यंत्री सी.बी.टटवाल, सहायक यंत्री प्रतीक मुकाती सहित निर्माण एजेंसी जीव्हीपीआर के महाप्रबंधक एमसी फिलिपोज, प्रबंधक राजन रेडडी और भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों में श्यामसिंह पंवार, गजानंद बांके, देवराम पटेल, तुलसीराम पटेल आदि उपस्थित थे। इस दल ने परियोजना के पम्प हाउस कमांक-2,राईजिंग मेन 2 की कुल लम्बाई 9.44 कि.मी. में से 9.20 कि.मी. कार्य पूर्ण होने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि पाईप लाईन के शेष कार्य की खुदाई हो चुकी है और 5 जनवरी 25 तक पाईप बिछाने के निर्देश दिये गये गए हैं। उन्हें बताया कि कमाण्ड क्षेत्र में ओ.एम.एस. बाक्स 20 हेक्टेयर चक पर स्थापित किये जा चुके हैं। लेकिन सम्पूर्ण ओ.एम.एस.बाक्सों के इन लेट एवं ऑउट लेट कनेक्शन शीघ्र अपूर्ण हैं,जिन्हें पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तरह पम्प हाउस क्रमांक 4 के सिविल कार्य पूर्ण होने और पोल स्थापित किये जा चुके हैं। जबकि राईजिंग मेन-4 में 2.3 कि.मी. कार्य शेष हैं,जिसे 20 जनवरी 26 तक पूर्ण करा लिया जावेगा और शेष कार्य 31 जनवरी-2026 तक गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य अभियंता आरख ने बुधवार को भीकनगांव में आन्दोलनरत किसान प्रतिनिधियों ने उक्त समयावधि से सहमति देने पर आभार व्यक्त किया है।

### सिंधी कॉलोनी मैदान पर जारी है श्रीमद भागवत कथा

## माता अनसुईया ने पतिव्रताधर्म से त्रिदेवों को भी शिशु बना दिया था: प्रज्ञा विष्णु प्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सिंधी कालोनी मैदान पर शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा श्रद्धालुओं को सुनाते हुए मंगलवार को सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया ने मातृशक्ति को अन्याय अत्याचार के विरूध खड़े होने का आहवान करते हुए कहा कि में भारत की नारियों का बल आज भी कम नहीं हुआ है नारी अबला नहीं,सबला है। माता अनसूइया ने लक्ष्मी,सरस्वती पार्वती तीनों देवियों के पति त्रिदेवों को अपनी पतिव्रता धर्मशक्ति से शिशु बना दिया था। तीनों देवियों ने हाथ जोड़ कर के माता अनसूईया से कहा मैया हमारे पतियों को लौटा दो तब माता ने भगवान की परीक्षा में सफल होकर देवों को पूनः त्रिदेव रूप में प्रकट कर दिया था।

**अहंकार व्यक्ति को कर देता है समाप्त** :उन्होने अहंकार से बचने और प्रभूनाम जपने के लिए श्रोताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रजापति दक्षक को भी अहंकार हो गया था देखा गया है की जोभी ऊचे पद पर होता है अहंकार का शिकार होकर अन्याय अत्याचार करने लगता है। माता सती के पिता प्रजापति ऊंचे पद पर है ऊंचे पद पर होने से वह भगवान शंकर से घ्रणा करते है लेकिन साक्षात माता शक्ति की अवतार माता सती शंकर बाबा को पति के रूप में स्वीकार करती है। पिता प्रेम में पति के मना करने पर भी प्रजापति दक्षक की पुत्री माता सती महायज्ञ में पहुंच जाती है और पति का अपमान सुनकर स्वयं ही स्वाह हो जाती है। भगवान शंकर ने अपने अंश से महायज्ञ को नष्टकर अहंकारी राजा प्रजापति दक्षक को भी मृत्यु लोक भेज दिया था अहंकार व्यक्ति को समाप्त कर देता है।



सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया ने कहा कि अगर ठाकुरजी ने आपको कुछ विशेष दिया है तो उसका अहंकार नहीं होना चाहिए। दक्ष ने बाबा भोलेनाथ को भगवान नहीं माना, देवता नहीं माना और जो लोग बाबा भोलेनाथ की पूजा करते थे दक्ष प्रजापति उन्हे जेल में डाल देता था। प्रजापति दक्ष जहां किसी को भी बाबा भोलेनाथ की पूजा करते देखता था तो उनको रोकता था लेकिन सेवा करने वाले भी कम नहीं होते है बाबा भोलेनाथ की पूजा करके ही मानते है। विभिन्न कथा प्रसंगों के मध्यम से सुश्री ने श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति करने के लिए प्रेरित किया।

कथा में पंडाल में मधुर भजनों पर श्रद्धालुजन नाचते भजन गाते हुए दिखाई दिए विधायक सुदेश राय सहित अन्य विशिष्ठजनों ने कार्यक्रम में पहुंच कर श्रीमदभागवत का श्रवण किया। आयोजक मंडल के मनोज शर्मा, प्रीति सोनी, ममता शर्मा, शंकरलाल शर्मा, संतोष वर्मा, विशाल बैरागी आदि ने विधायक राय का स्वागत किया। शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल की ममता शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन कथा में महिलाओं के द्वारा विशेष परिधान पहने जा रहे है। विशेष प्रसाद का वितरण भी किया जा रहा है। श्रीमदभागवत कथा प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक हो रही है।

## कृषकों की संगोष्ठी का हुआ आयोजन




**सीहोर।** सोमवार को कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा चयनित यंत्रदूत ग्राम खामलिया में कृषकों की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम के सरपंच एवं कृषक उपस्थित रहें। विभागीय योजनाओं की जानकारी कृषकों को सहायक कृषि यंत्री सीहोर द्वारा दी गई। संगोष्ठी स्थल पर विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाकर कृषकों को जानकारी दी गई, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा संचालित योजनओं की जानकारी कमल सिंह ठाकुर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सीहोर द्वारा एवं ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी द्वारा भी दी गई। ग्राम के सरपंच कृलदीप सिंह द्वारा किये जा रहे कार्य की प्रसंशा की गई। कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं की जानकारी योगराज सावरकर सहायक कृषि यंत्री एवं अनिल कुमार गौंड उपयंत्री सीहोर द्वारा दी गई एवं कृषकों का आभार व्यक्त किया।

### कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 57 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 57 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा साहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।